मंत्रोच्चार के साथ मंदिर की रखी आधारशिला

टीडीआई सिटी कुंडली में टीडीआई मंदिर के शिलान्यास समारोह के दौरान पूजा पाठ करते हुए कंपनी के अधिकारी गण। जागरण

- टीडीआई सिटी कुंडली में श्रद्धालुओं केलिए स्थापित करेगा मंदिर

सोनीपत, जागरण संवाद केंद्र : टीडीआई सिटी की तरफ से कुंडली में बृहस्पतिवार को टीडीआई मंदिर की आधारशिला रखी गई। पुजारियों ने पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर के शिलान्यास की रस्म पूरी की। इस मौके पर मुख्य संसदीय रमेश कौशिक बतौर मुख्यातिथि मौजूद थे।

टीडीआई मंदिर 1500 एकड़ से भी ज्यादा में फैली मैगा टाउनशिप टीडीआई सिटी का ही हिस्सा है। करीब एक हजार वर्ग फीट में बनने वाले इस मंदिर में आसपास की कालोनीवासी भी धार्मिक व आध्यात्मिक जरूरतों को पूरा कर सकेंगे।

मंदिर कुछ ही महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर से सिटी में शांत, सुरम्य व भव्यता का माहौल पैदा होगा। इस मौके पर कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक, अधिकारी समेत नांगल कलां, पतला, अटेरना और राई के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।